एसबीयू में नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर नेशनल वेबिनार

ranchi@inext.co.in

RANCHI (18 Aug) : सरला बिरला यूनिवर्सिटी (एसबीयू) में नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर नेशनल वेबिनार का आयोजन किया गया, जिसमें नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के विभिन्न आयामों, आवश्यक व वांछित बदलाव सहित इसके क्रियान्वयन पर सविस्तार विचार मंथन किया गया. राष्ट्रीय वेबिनार के तहत इस विचार मंथन में बतौर मुख्य वक्ता राष्ट्रीय शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के सचिव अतुल भाई कोठारी, मुख्य अतिथि झारखंड टेक्निकल विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर डॉ गोपाल पाठक, विशिष्ट अतिथि बीआईटी मेसरा के कुलपति प्रो डॉ इंद्रानिल मन्ना, विशिष्ट अतिथि आईआईएम रांची के निदेशक प्रोफेसर शैलेंद्र कुमार सिंह एवं कुलसचिव प्रो डॉ विजय कुमार सिंह आदि के द्वारा विश्वविद्यालय के मुख्य कार्यकारी पदाधिकारी सह प्रभारी कुलपति डॉ प्रदीप कुमार वर्मा के नेतृत्व में नई शिक्षा नीति के विभिन्न आयामों, उद्देश्य एवं क्रियान्वयन पर गहन विचार-विमर्श किया गया.



वेबिनार में शामिल लोग.

Dainik Jagran I-Next, 19.08.2020, Pg no. 04